आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

# दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 337 | उज्जैन, मंगलवार 28 अक्टूबर 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## अपनों के सुख समृद्धि के लिए कष्ट सहते हुए आनंद के साथ व्रत रखने वाली माता-बहनों को मेरा नमन-मुख्यमंत्री

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर में पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संस्थान द्वारा आयोजित छठ महोत्सव में हुए शामिल**



भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि छठ पूजा में सूर्य उपासना, परिवार के स्वास्थ्य और जीवन के दीर्घायु के संकल्प का प्रतीक है। त्रेता युग से भगवान श्रीराम की लम्बी आयु की कामना से यह छठ पूजा आरम्भ हुई। माताएं-बहनें अपनी आस्था एवं संस्कारों के साथ इस पर्व को मनाती हैं। हमारी मातृशक्ति अपने परिवार के कष्टों को दूर करने और सुख समृद्धि के लिए आनंद के साथ जीवन के कष्टों को सहन करते हुए यह व्रत रखती हैं। मैं इन माता-बहनों को नमन करता हूं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव इंदौर के मन कामनेश्वर महादेव उद्यान में पूर्वोत्तर सांस्कृतिक संस्थान द्वारा आयोजित छठ महोत्सव में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने जलाभिषेक कर छठ पूजन किया। छठ महोत्सव में एक साथ बड़ी संख्या में माताओं-बहनों ने जलकुंड में उतरकर छठ पूजन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपस्थित सभी माता-बहनों, नागरिकों के साथ ही प्रदेशवासियों को छठ पूजन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

छठ महापर्व सूर्य उपासना के साथ समाज में मातृशक्ति की भक्ति और शक्ति का प्रतीक मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि छठ पर्व सामाजिक एकता, आस्था और लोक परंपरा का अद्वितीय संगम है। छठ पूजा विशेष रूप से बिहार एवं पूर्वांचल क्षेत्र के लिए यह प्रमुख पर्व है। बिहार से मालवांचल का संबंध लगभग एक हजार साल पुराना है और हमारे रिश्ते लगातार मजबूत हो रहे हैं। अब यह पर्व पूरे देश में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाने लगा है। इंदौर में ही आज लगभग 200 से ज्यादा स्थानों पर छठ पूजन के कार्यक्रम हो रहे हैं।

## आपके देश की इमेज विदेश में खराब हो रही है, आवारा कुत्तों के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने लगाई लताड़



नई दिल्ली (एजेंसी)। आवारा कुत्तों के मामले में सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने आज पश्चिम बंगाल और तेलंगाना को छोड़कर सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को हलफनामा दाखिल न करने पर तलब किया।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सिर्फ पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और दिल्ली नगर निगम ने ही कंप्लायंस एफिडेविट फाइल किया है। अदालत ने पश्चिम बंगाल और तेलंगाना के अलावा बाकी राज्यों और केंद्र शासित राज्यों के चीफ सेक्रेटरी को 3 नवंबर को पेश होने का निर्देश दिया।

दूसरे देशों में हो रही इमेज खराब- 22 अगस्त को, कोर्ट ने राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को कम्प्लायंस एफिडेविट फाइल करने का निर्देश दिया था। आज, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने नोट किया कि केवल पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और दिल्ली नगर निगम ने ही कम्प्लायंस एफिडेविट फाइल किया है।

मामले पर नाराजगी जाहिर करते हुए जस्टिस विक्रम नाथ ने कहा कि कोर्ट ने सभी राज्यों और केंद्र शासित राज्यों को नोटिस जारी किया था और आदेश की बड़े पैमानें पर रिपोर्टिंग भी हुई थी।

## डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, CBI को सौंप सकती है जांच




नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट मामलों में बढ़ोतरी को देखते हुए अहम टिप्पणी की है। स्ट ने सोमवार को कहा कि ऐसे अपराधों की गंभीरता और प्रसारण को देखते हुए इसकी जांच CBI को सौंपने का मन बना रहा है। इस कड़ी में अलग-अलग राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में दर्ज FIR की डिटेल्स मांगी हैं।

जस्टिस सूर्यकांत और जॉयमाल्य बागची की बेंच ने डिजिटल अरेस्ट मामलों पर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी किया है। इसमें साइबर अपराधियों द्वारा ठगी गई बुजुर्ग महिला की शिकायत पर खुद से दर्ज किए गए मामलों को 3 नवंबर को सुनवाई के लिए लिस्ट किया।

सुप्रीम कोर्ट डिजिटल अरेस्ट पर सख्त- सुप्रीम कोर्ट ने CBI की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता की दलीलों पर ध्यान दिया कि साइबर क्राइम और डिजिटल अरेस्ट के मामले म्यांमार और थाईलैंड जैसी विदेशी जगहों से शुरू हो रहे हैं। कोर्ट ने जांच एजेंसियों को इन मामलों की जांच के लिए एक प्लान के साथ आने का निर्देश दिया।

## 10वीं की परीक्षा देने गए तब पहली बार देखा था शहर, रोचक है जस्टिस सूर्यकांत का हरियाणा कनेक्शन




नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने सोमवार को देश के अगले चीफ जस्टिस के नाम की सिफारिश की है। CJI ने इस संबंध में कानून मंत्रालय को पत्र लिख कर जस्टिस सूर्यकांत का नाम आगे बढ़ाया है। इस सिफारिश के मंजूर होने के साथ ही जस्टिस कांत 24 नवंबर को देश के 53वें चीफ जस्टिस के रूम में अपनी जिम्मेदारी संभालेंगे। बता दें 23 नवंबर को मौजूदा CJI गवई रिटायर हो रहे हैं।

10वीं की परीक्षा देने गये तो पहली बार देखा था शहर- हरियाणा के हिसार के एक गुमनाम गांव में जन्मे जस्टिस सूर्यकांत मौजूदा समय में CJI गवई के बाद सुप्रीम कोर्ट के दूसरे सबसे सीनियर जज हैं। उनके संबंध में एक रोचक काहानी है जो बहुत कम लोग जानते हैं। उन्होंने आठवीं कक्षा तक की पढ़ाई गांव के ही सरकारी स्कूल से थी, जहां बैठने को बेंच भी नही थी। उन्होंने गांव के बाहर की दुनिया नहीं देखी थी। दसवीं की बोर्ड परीक्षा देने वे हिसार के एक छोटे कस्बे हांसी गये थे, जहां उन्होंने पहली बार शहर देखा था। साल 1981 में गवर्नमेंट पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज, हिसार से स्नातक करने के बाद वे 1984 में रोहतक की महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी से कानून की पढाई पूरी करने चले गये।

जस्टिस कांत ने हिसार से शुरू की प्रैक्टिस- साल 1984 में जस्टिस कांत ने हिसार के जिला अदालत में प्रैक्टिस शुरू कर दी थी। एक साल यहां रहने के बाद वे पंजाब-हरियाणा कोर्ट चले गये। यहां उन्होंने प्रैक्टिस करना जारी रखा. समय के साथ उनकी न्यायिक रैंको में लगातार बढ़ोतरी होती रही।

## केरल के कोट्टायम में हादसा, टूरिस्ट बस पलटने से एक की मौत; 49 घायल



नई दिल्ली (एजेंसी)। केरल के कोट्टायम में सोमवार सुबह एक टूरिस्ट बस ने कंट्रोल खो दिया और पलट गई। इस हादसे में एक महिला यात्री की मौत हो गई और 49 अन्य घायल हो गए। इस बात की जानकारी पुलिस ने दी।

मृतक की पहचान सिंधु के रूप में हुई है, जो कन्नूर जिले के इरिट्टी के पेरावूर की रहने वाली थी। पुलिस के अनुसार, सभी यात्री इरिट्टी के थे जो कन्याकुमारी और तिरुवनंतपुरम घूमने के बाद घर लौट रहे थे।

रात एक बजे हुआ हादसा- यह हादसा रात करीब 1 बजे हुआ, जब बस चीन्कल्लेल चर्च के पास एमसी रोड पर एक मोड़ पर कंट्रोल खो बैठी और पलटकर एक पेड़ से टकरा गई। बस में सवार सभी 49 यात्रियों को मोनिप्पल्ली के एक प्राइवेट हॉस्पिटल और कोट्टायम मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल ले जाया गया। सिंधु को मोनिप्पल्ली ले जाया गया, जहां चोटों की वजह से उनकी मौत हो गई।

बस ड्राइवर के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा- पुलिस ने बताया कि करीब 18 यात्रियों को गंभीर चोटें आई हैं, हालांकि उनकी हालत स्थिर है। बाद में ट्रैफिक की रुकावट को दूर करने के लिए क्रेन की मदद से पलटी हुई बस को हटाया गया। कुराविलांगडू पुलिस ने ड्राइवर विनोद के खिलाफ लापरवाही से गाड़ी चलाने और एक्सीडेंट में मौत का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि मृतक का शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

## करूर भगदड़ के पीड़ित परिवारों से मिले विजय, प्राइवेट होटल के बंद कमरे में क्यों की मुलाकात?



नई दिल्ली (एजेंसी)। अभिनेता से नेता बने और तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) प्रमुख विजय ममल्लापुरम के एक प्राइवेट होटल में करूर भगदड़ में मारे गए लोगों के परिवारों से मिल रहे हैं। यह मीटिंग भगदड़ में 41 लोगों की मौत के ठीक एक महीने बाद हो रही है।

विजय से मिलने के लिए 200 से ज्यादा लोग आए हैं। इसमें 37 परिवार शामिल हैं और कुछ लोग भगदड़ में घायल हुए थे। हर परिवार से चार से पांच लोग विजय से मिलने आए हैं। खबर है कि एक्टर उनमें से हर एक को अलग-अलग सांत्वना देंगे। यह मुलाकात एक बंद कमरे में हो रही है, जिसमें पाबंदियां हैं और सिर्फ टीवीके के लोगों को ही अंदर जाने की इजाजत है।

## आसियान मित्रों के साथ मजबूती से खड़ा है भारत, 23वें ASEAN Summit में बोले पीएम मोदी




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत और आसियान (दक्षिण पूर्वी एशियाई देशों का संगठन) ने वर्ष 2026 को समुद्री सहयोग वर्ष के तौर पर मनाने का फैसला किया है। इस बात की घोषणा पीएम नरेन्द्र मोदी ने 23वें आसियान-भारत शिखर सम्मेलन में शुरुआती भाषण देते हुए की। यह सम्मेलन मलेशिया में आयोजित हुआ जिसे पीएम मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से संबोधित किया।

हिंद प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती आक्रामक गतिविधियों और इस बारे में अमेरिका की बढ़ती सक्रियता को देखते हुए भारतीय पीएम की उक्त घोषणा को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके तहत इंडोनेशिया, फिलीपींस, मलेशिया, थाईलैंड, म्यांमार, कंबोडिया, विएतनाम, ब्रुनेई, लाओस, सिंगापुर और पूर्वी तिमोर के साथ भारत समुद्र से जुड़े हर क्षेत्र में आपसी सहयोग को बढ़ाएगा।

आसियान के दृष्टिकोण का पूर्ण समर्थन- इसमें कारोबार व रणनीतिक क्षेत्र भी शामिल होगा। पीएम मोदी ने कहा कि, भारत सदैव आसियान सेन्ट्रैलिटी (आसियान देशों की केंद्रीय भूमिका) और हिंद प्रशांत क्षेत्र में आसियान के दृष्टिकोण का पूर्ण समर्थन करता रहा है। अनिश्चतताओं के दौर में भी भारत आसियान समग्र रणनीतिक साझेदारी में सतत प्रगति हुई है। और हमारी ये मजबूत साझेदारी वैश्विक स्थिरता और विकास का सशक्त आधार बनकर उभर रही है।

उन्होंने आगे कहा कि, भारत हर आपदा में अपने आसियान मित्रों के साथ मजबूती से खड़ा रहा है। एचएडीआर (मानवीय सहायता और आपदा राहत), ब्लू इकोनोमी व महासागर सुरक्षा में सहयोग तेजी से बढ़ रहा है। इसको देखते हुए हम 2026 को आसियान-इंडिया समुद्री सहयोग का वर्ष घोषित कर रहे हैं। साथ ही हम शिक्षा, पर्यटन, विज्ञान व प्रौद्योगिक, स्वास्थ्य, हरित ऊर्जा और साइबर सुरक्षा में आपसी सहयोग को भी मजबूती से आगे बढ़ा रहे हैं। अपनी साझा सांस्कृतिक विरासत को संजोने और आम जनता के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए हम साथ मिलकर काम करते रहेंगे।

एक्ट ईस्ट नीति में आसियान की केंद्रीय भूमिका- भारतीय प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की एक्ट ईस्ट नीति में आसियान की केंद्रीय भूमिका है। हम सिर्फ भूगोल साझा नहीं करते हैं बल्कि गहरे ऐतिहासिक संबंधों और साझे मूल्यों के डोर से भी जुड़े हुए हैं। हम न केवल व्यापारिक साझेदार हैं, बल्कि सांस्कृतिक साझेदार भी हैं।

# मुनीर का खुफिया प्लान, कैसे कठपुतली बन कर रहे गए शहबाज?



नई दिल्ली (एजेंसी)। इस साल जुलाई में पाकिस्तान में चर्चा थी कि सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर तख्तापलट की योजना बना रहे हैं। लेकिन उन्होंने ऐसा कदम नहीं उठाया, क्योंकि उन्हें पता था कि ऐसा करने पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ जाएगा।

जनरल मुशर्रफ के समय भी जब उन्होंने नवाज शरीफ की सरकार गिराई थी, तब उन पर लोकतंत्र बहाल करने का दबाव पड़ा था। मुनीर गलती से सीख लेते हुए तय किया कि वे बिना तख्तापलट के ही देश को अपने नियंत्रण में रखेंगे।

मुनीर के लिए इमरान थे बड़ा खतरा- मुनीर ने पहले इमरान खान को सत्ता से हटवाया और जेल भेजा, क्योंकि उन्हें वही सबसे बड़ा खतरा लग रहा था। इसके बाद उन्होंने आसिफ अली जरदारी को राष्ट्रपति और शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री बनवाया। दोनों ही अब उनके इशारों पर काम कर रहे हैं।

इसके बाद उन्होंने अपने करीबी अफसर जनरल आसिम मलिक को इ्रस्छ्र प्रमुख और नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर बना दिया। अब मुनीर ने अपने भतीजे कैप्टन सैयद अबू रहमान बिन कासिम को सेना से निकालकर सिविल सर्विस में भेज दिया है। उनके साथ 9 और सेना अधिकारियों को भी सिविल प्रशासन में लाया गया है।

कैसे पकड़ बना रहा है मुनीर- इस कदम से मुनीर को सिविल और मिलिट्री दोनों पर पकड़ मिल रही है। उनके भतीजे को प्रधानमंत्री कार्यालय में भेजा गया है ताकि शहबाज शरीफ की हर गतिविधि पर नजर रखी जा सके। खबर है कि मुनीर अब अपने भरोसेमंद लोगों को गृह मंत्रालय, हाई कमीशन और दूतावासों में भी भेजना चाहते हैं।

खुफिया एजेंसियों के सूत्रों का कहना है कि उनका भतीजा भविष्य में किसी बड़े दूतावास, जैसे अमेरिका या भारत में भेजा जा सकता है, ताकि विदेशों में भी खुफिया तंत्र पर उनका नियंत्रण रहे।

पाक सेना तालिबान से लड़ने से कर रहे इनकार- सूत्रों के मुताबिक, मुनीर के भीतर असुरक्षा की भावना गहरी है। उन्होंने खुद को फील्ड मार्शल के पद पर पदोन्नत करवाया, जबकि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उन्हें आलोचना झेलनी पड़ी थी। ञ्चञ्जक्क क्र और अफगान तालिबान से लगातार हो रही नाकामियों से भी सेना में असंतोष बढ़ा है। कई सैनिक खासकर खैबर पख्तूनख्वा में तालिबान से लड़ने से इनकार कर रहे हैं। मुनीर और सरकार के बीच तनाव भी इसी कारण बढ़ा है क्योंकि वे अपना कार्यकाल 2030 तक बढ़वाना चाहते हैं। सरकार ने कहा है कि वे 2027 तक सेना प्रमुख रह सकते हैं, लेकिन मुनीर इससे आगे की मांग पर अड़े हैं।

# किसी भी डिफेंस सिस्टम को दे सकती है चकमा, न्यूक्लियर एनर्जी से ऑपरेट... क्या है रूस की बुरेवेस्टनिक मिसाइल?

नई दिल्ली (एजेंसी)। रूस ने अपनी न्यूक्लियर पावर वाली बुरेवेस्टनिक क्रूज मिसाइल का सफल टेस्ट किया है। यह एक न्यूक्लियर हथियार है जिसके बारे में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का कहना है कि यह किसी भी डिफेंस सिस्टम को चकमा दे सकती है। पुतिन ने कहा कि देश अब मिसाइल को तैनात करने की दिशा में आगे बढ़ेगा।



21 अक्टूबर को किया गया यह टेस्ट एक न्यूक्लियर ड्रिल के साथ हुआ और इसे इस बात का सिग्नल माना गया कि मॉस्को यूक्रेन में युद्ध को लेकर पश्चिम के दबाव के आगे कभी नहीं झुकेगा। परीक्षण के दौरान मिसाइल ने लगभग 14,000 किलोमीटर (8,700 मील) की लंबी दूरी तय की और परीक्षण के दौरान लगभग 15 घंटे तक हवा में रही।

दुनिया में किसी के पास नहीं ऐसा हथियार- रविवार को क्रेमलिन की तरफ़ से जारी बयान के मुताबिक, यूक्रेन में युद्ध की देखरेख कर रहे जनरलों के साथ मीटिंग के दौरान कैमोफ़्लाज फ़ीट पहने पुतिन ने कहा, यह एक अनोखा हथियार है जो दुनिया में किसी और के पास नहीं है।÷ 2018 में 9रू30 बुरेवेस्टनिक को पहली बार दिखाने के बाद से, पुतिन ने इसे अमेरिका के मिसाइल डिफेंस प्रोग्राम पर मॉस्को का जवाब बताया है।

9रू30 ब्यूरेवेस्टनिक या स्टॉर्म पेट्रेल एक न्यूक्लियर पावर्ड, न्यूक्लियर-कैपेबल क्रूज मिसाइल है जिसे रूस ने पहली बार 2018 में दिखाया था। कहा जाता है कि इसकी रेंज अनलिमिटेड है और इसकी अप्रत्याशित उड़ान भरने की क्षमता है, जिससे इसे इंटरसेप्ट करना मुश्किल हो जाता है।

## देशों के चयन का अधिकार हमारा होगा, गाजा में तैनात होने वाली बहुराष्ट्रीय सेना को लेकर बोले नेतन्याहू



नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि गाजा में तैनात होने वाली बहुराष्ट्रीय सेना में शामिल होने वाले देशों के चयन का अधिकार इजरायल का होगा। विदित हो कि इजरायल गाजा में तुर्किये की भूमिका को पहले ही खारिज कर चुका है।

इजरायली सेना ने शनिवार-रविवार की रात युद्धविराम तोड़ते हुए गाजा पट्टी के मध्य भाग में ड्रोन हमले में एक व्यक्ति को मार गिराया। इजरायली सेना ने कहा है कि यह टारगेट किलिंग थी और इसमें इस्लामिक जिहाद ग्रुप के प्रमुख कमांडर को मारा गया जो इजरायली सेना पर हमले की योजना में शामिल था।

हमास ने कितने बंधकों के शव इजरायल को दिए- इस्लामिक जिहाद गाजा में हमास के बाद दूसरा प्रमुख सशस्त्र संगठन है। शांति समझौते के अनुसार हमास ने 28 मृत इजरायली बंधकों में से 15 के शव दे दिए हैं, गाजा में बाकी के शवों की तलाश का काम जारी है। हमास यह कार्य मिस्त्र के सहयोग से कर रहा है जिसमें मशीनों के जरिये मलबे में दबे शव बाहर निकाले जा रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने हमास को बाकी बंधकों के शव लौटाने के लिए 48 घंटों का समय दिया है।

## चीन ने ढीली की ट्रंप की अकड़, 100 प्रतिशत टैरिफ थोपने को लेकर आया बड़ा अपडेट




नई दिल्ली (एजेंसी)। आसियान सम्मेलन के दौरान अमेरिका और चीन ने बहुप्रतीक्षित व्यापार सौदे की रूपरेखा तय कर ली है, जिससे दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच बढ़ते तनाव में कमी आने के संकेत मिले हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ होने वाली आगामी मुलाकात पर विश्वास जताते हुए कहा कि हम एक व्यापक समझौते के बहुत करीब हैं।

अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट और व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीयर ने चीनी उपप्रधानमंत्री हे लीफेंग और शीर्ष वार्ताकार ली चेंगगांग से पांचवें दौर की वार्ता की। दोनों पक्षों ने बताया कि बातचीत रचनात्मक और गहन रही तथा व्यापार संतुलन, दुर्लभ खनिज (रेयर अर्थ), कृषि आयात, फेंटेनाइल संकट और टिकटाक जैसे संवेदनशील मुद्दों पर प्रारंभिक सहमति बनी है।

बेसेंट ने दिया ये संकेत

उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि चीनी सामान पर 100 परसेंट टैरिफ बढ़ाने की अमेरिकी धमकी को असल में खत्म कर दिया गया है, बदले में बीजिंग अपने ग्लोबल रेयर अर्थ एक्सपोर्ट पर रोक को टाल देगा।

## पेरिस में 895 करोड़ रुपये के गहने-हीरे चुराने वाले संदिग्ध को पुलिस ने पकड़ा, कैसे दिया चोरी को अंजाम?



नई दिल्ली (एजेंसी)। पेरिस के विश्व प्रसिद्ध लूव्र म्यूजियम से कीमती गहने और हीरे की चोरी के सिलसिले में दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया है। ये लोग सीन-सेंट-डेनिस इलाके के रहने वाले हैं और ये फ्रांस के सबसे पिछड़े इलाके में शामिल है।

अधिकारियों के मुताबिक, एक संदिग्ध को शनिवार रात करीब 10 बजे पेरिस-चार्ल्स डी गॉल एयरपोर्ट पर उस समय हिरासत में लिया गया जब वह अल्जीरिया के लिए प्लेन में चढ़ने वाला था। दूसरे संदिग्ध को कुछ ही देर बाद पेरिस इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया।

फ्रांस पुलिस के पास थी संदिग्धों की जानकारी

लोकल मीडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, संदिग्धों में से एक फ्रेंच नागरिक है, जबकि दूसरे के पास फ्रेंच और अल्जीरियाई दोनों नागरिकता है। खबर है कि दोनों की उम्र 30 साल के आसपास है और फ्रांसीसी पुलिस को इसकी जानकारी थी।

कैसे दिया गया चोरी को अंजाम - लूव्र में यह बड़ी चोरी 19 अक्टूबर को हुई। चोरों ने म्यूजियम के खुलने के समय ऊपर की खिड़की तोड़ने के लिए क्रेन का इस्तेमाल किया और गैलरी डी%अपोलोन, या अपोलो गैलरी से लगभग 102 मिलियन डॉलर की कीमत की आठ बेशकीमती आभूषण चुरा लिए गए। यह सब लगभग सात मिनट में हुआ। फिर वे मोटरबाइक पर भाग गए, जिसके बाद पूरे फ्रांस में बड़े पैमाने पर तलाशी शुरू हो गई।

घटना के कुछ दिनों बाद, एक वीडियो में एक चोर को विजिटर्स के पास से गुजरते समय कांच के डिस्प्ले केस को काटते हुए दिखाया गया। एक और क्लिप में कंस्ट्रक्शन गियर पहने दो लुटेरे चोरी के बाद हाइड्रोलिक लिफ्ट का इस्तेमाल करके भागते हुए दिखाए गए।

## अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला, 2020 के राष्ट्रपति चुनाव में कथित धांधली को लेकर ट्रंप ने की जांच की मांग

नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान हुई कथित धांधली न्याय विभाग (डीओजी) से जांच की मांग की है। उन्होंने इसे अमेरिकी इतिहास का सबसे बड़ा घोटाला बताया है।




इसके साथ ही अमेरिका के राष्ट्रपति ने मेल-इन और जल्दी वोटिंग को खत्म करने की भी अपील की। इसकी जगह उन्होंने चुनाव में धोखाधड़ी रोकने के लिए वोटर आईडी की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कैलिफोर्निया के प्रपोजल 50 की भी आलोचना की, जिसका मकसद कांग्रेस के जिलों को बनाना है।

नहीं तो मिडटर्म होगा- ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए लिखा, 2020 का राष्ट्रपति चुनाव, जिसमें धांधली और चोरी हुई है, एक बहुत बड़ा स्कैंडल है। देखो हमारे देश का क्या हुआ जब एक बदमाश बेवकूफ हमारा प्रेसिडेंट बन गया अब हमें सब कुछ पता है। मुझे उम्मीद है कि DOJ इसे उतने ही जोश से आगे बढ़ाएगा जितना अमेरिकी इतिहास के सबसे बड़े स्कैंडल के लिए सही है अगर नहीं, तो यह फिर से होगा, जिसमें आने वाले मिडटर्म भी शामिल हैं।

उन्होंने आगे कहा, कोई मेल-इन यान अर्ली वोटिंग नहीं, वोटर आईडी के लिए हां है। देखो कैलिफोर्निया प्रोप वोट कितना बेईमान है लाखों बैलेट भेजे जा रहे हैं। होशियार हो जाओ रिपब्लिकन, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने भी मतपत्र पहल मतदान का समर्थन किया है, जिसके लिए 4 नवंबर को वोटिंग होनी है, जबकि अर्ली वोटिंग पहले ही शुरू हो चुकी है।

## US जाने या वहां से आने वाले हर नागरिक की खींची जाएगी फोटो, होने जा रहा ये सिस्टम लागू



नई दिल्ली (एजेंसी)। अगर आप अमेरिका जा रहे हैं या फिर वहां से वापस आ रहे हैं तो उससे पहले कुछ नियमों के बारे में जान लेना जरूरी है। अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा (सीबीपी) ने अपने बायोमैट्रिक ट्रैकिंग सिस्टम को बड़े पैमाने पर बढ़ाने की घोषणा की है। एक नोटिफिकेशन में बताया गया है कि अमेरिका आने या जाने वाले हर गैर-अमेरिकी नागरिक की फोटो खींची जाएगी और उसे फेशियल-रिकग्निशन डेटाबेस में डाला जाएगा। इस नियम के तहत एयरपोर्ट, सीपोर्ट और लैंड क्रॉसिंग शामिल हैं। एजेंसी का कहना है कि वह एक इंटीग्रेटेड बायोमेट्रिक एंट्री-एग्जिट सिस्टम लागू करेगी जो आने पर इक्ट्ठा किए गए एलियंस (यानी- विदेशी नागरिकों) के बायोमेट्रिक डेटा की तुलना जाने वाले इक्ट्ठा किए गए बायोमेट्रिक डेटा से करेगी।

अमेरिका ने क्यों उठाया यह कदम- यह काम नेशनल सिक्योरिटी रिस्क, फर्जी ट्रैवल डॉक्यूमेंट्स, वीजा ओवरस्टे और बिना कानूनी एंट्री या पैरोल के विदेशी नागरिकों की मौजूदगी से निपटने के लिए किया जाएगा। हालांकि सीबीपी ने पिछले कई सालों से अमेरिका आने पर कुछ विदेशी नागरिकों से बायोमेट्रिक डेटा इक्ट्ठा किया है, लेकिन नया नियम डेटा इक्ट्ठा करने के प्रोसेस में काफी बढ़ोतरी को दिखाता है। एजेंसी ने आगे कहा कि इस बढ़े हुए सिस्टम से फोटो खींचने के प्रोसेस में 14 साल से कम उम्र के बच्चों और 79 साल से ज्यादा उम्र के बुजुर्गों को मिलने वाली मौजूदा छूट भी खत्म हो जाएगी।

# दिल्ली में जहरीली हवा: स्वास्थ्य, अर्थव्यवस्था और पलायन पर असर



नई दिल्ली (एजेंसी)। सर्दियां दस्तक दे रही हैं। इसी के साथ हवा में घुले जहर की मात्रा भी बढ़ गई है। पिछले एक दशक से सर्दियों का मौसम दिल्ली-एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत के लिए धुंध और वायु प्रदूषण के खतरनाक स्तर के लिए जाना जाता है। उत्तर भारत में देश की आबादी का बड़ा हिस्सा रहता है और खेती के लिहाज से सबसे उपजाऊ जमीन और पानी की प्रचुर उपलब्धता भी यहां है। पूरे उत्तर भारत में प्रदूषण का यह खतरनाक स्तर तब है, जब यह क्षेत्र औद्योगिकीकरण से कमोबेश अछूता है।

सर्दियों से ठीक पहले हवा में घुले जहर की बात शुरू होती है। इसे नियंत्रित करने के लिए जिम्मेदार संस्थाएं हरकत में आती हैं। जैसे दिल्ली में कृत्रिम बारिश की तैयारी हो रही है और कुछ तात्कालिक कदम उठाए जाते हैं। गर्मियों की आहट के साथ ये संस्थाएं भी अपने प्रयासों की इतिश्री कर लेती हैं। यही कारण है कि वर्षों से यह समस्या जस की तस है।

टैलेंट हब के तौर पर कम हो सकता है दिल्ली का आकर्षण- दिल्ली के 17 हजार निवासियों पर किए गए एक सर्वे में पाया गया कि 40 प्रतिशत लोग वायु प्रदूषण और इसके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले असर से बचने के लिए शहर से बाहर जाना पसंद करेंगे। यह समस्या सिर्फ आर्थिक रूप से सक्षम लोगों तक ही सीमित नहीं है। एक अलग अध्ययन में पाया गया कि लगभग 57 प्रतिशत प्रवासी श्रमिक दिल्ली के मुकाबले अपने गृह नगर में रहना पसंद करते हैं। इसकी वजहों में हवा की गुणवत्ता भी शामिल है।

## अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा, तेज रफ्तार ट्रक ने लोगों को मारी टक्कर

नई दिल्ली (एजेंसी)। सोमवार सुबह अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेसवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अनय घायल हो गए। यह हादसा सुबह करीब 6.30 बजे हुआ जब एक तेज रफ्तार ट्र ने सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों के पास खड़े लोगों को टक्कर मार दी।

पुलिस के मुताबिक, हादसा तब शुरू हुआ जब एक चार पहिया वाहन ओवरटेक करते समय दूसरी गाड़ी से हल्की टक्कर खा गया। इसके बाद चार पहिया गाड़ी को सड़क किनारे रोक दिया गया था और उसके यात्री वहीं खड़े थे। उसी दौरान तेज रफ्तार ट्रक आया और उसने खड़ी गाड़ियों और लोगों को टक्कर मार दी।

अहमदाबाद पुलिस की डिप्टी एसपी नीलम गोस्वामी ने बताया कि हादसे में ट्रैवलर वाहन के तीन यात्री जो सड़क पर खड़े थे, उनकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया, चार पहिया वाहन के मामूली हादसे के बाद यात्री आपस में बहस कर रहे थे। तभी सूरत से श्रीनगर जा रहा ट्रक पीछे से आकर खड़ी बस से टकरा गया, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई।

इस घटना में चार से पांच अन्य यात्री घायल हुए हैं, जिन्हें एंबुलेंस से तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने बताया कि सूचना मिलते ही ट्रैफिक क्लियर किया गया और घायलों को इलाज के लिए भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही रामोल थाने की पुलिस और स्थानीय प्रशासन मौके पर पहुंचे।

## राजस्थान में यात्रियों को लेकर जा रही तेज रफ्तार बस पलटी, 13 लोग घायल




नई दिल्ली (एजेंसी)। बाड़मेर से कोटा जा रही एक प्राइवेट बस सोमवार सुबह पलट गई। इस हादसे में 13 यात्री घायल हो गए। पुलिस ने हादसे के बाद बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और बस को जब्त कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

हादसे में घायल लोगों को इलाज के लिए कोटा के न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां प्राथमिक उपचार के बाद ज्यादातर को छुट्टी दे दी गई है। घायलों में पुरुष और महिलाएं दोनों शामिल हैं।

ब्रेक लगाने के बाद फिसली बस- पुलिस के मुताबिक, यह घटना नांता थाना क्षेत्र के डाबी मोड़ पर सुबह करीब 7.15 बजे हुई। इस दौरान तेज रफ्तार से जा रही प्राइवेट बस के आगे एक लोडेड ट्रक आ गया था। इससे बचने के लिए चालक ने ब्रेक लगा दिया। लेकिन तभी बस गीली और कीचड़ भरी सड़क पर फिसल गई।

नांता के एसएचओ नवल किशोर शर्मा ने बताया कि एक घायल यात्री की शिकायत के आधार पर पुलिस ने बस चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया और बस को जब्त कर लिया।

## मर खालिद-शरजील इमाम की जमानत पर 31 अक्टूबर को होगी सुनवाई, SC से दिल्ली पुलिस को झटका



नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली पुलिस को उमर खालिद, शरजील इमाम, गुलफिशा फातिमा और मीरान हैदर की जमानत याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने के लिए दो हफ्तों का समय देने से इनकार कर दिया है। ये सभी लोग 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश से जुड़े UAPA मामले में आरोपी हैं।

जैसे ही सुनवाई शुरू हुई दिल्ली पुलिस की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने कोर्ट से समय मांगा। लेकिन जस्टिस अरविंद कुमार और एनवी अंजनिया की बेंच ने कहा, हमने पहले ही काफी समय दे दिया है। पिछली बार साफ कहा गया था कि 27 अक्टूबर को सुनवाई होग और मामला निपटाया जाएगा। बेल मामलों में जवाब दाखिल करने का सवाल ही नहीं उठता है।

सिब्बल और सिंघवी की दलील- वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, जो उमर खालिद की ओर से पेश हुए उन्होंने कोर्ट से कहा कि याचिकाकर्ता पांच साल से जेल में बंद हैं। वहीं, वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि ट्रायल में काफी देरी हो चुकी है इसलिए अब और देर नहीं होनी चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट ने इससे पहले 22 सितंबर को दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा था। अब अदालत 31 अक्टूबर को इस मामले की सुनवाई करेगी। बता दें, दिल्ली हाई कोर्ट ने 2 सितंबर को उमर खालिद, शरजील इमाम, गुलफिशा फातिमा, मीरान हैदर समेत 9 लोगों की जमानत याचिका खारिज की थी।

दिल्ली HC ने क्या कहा- हाईकोर्ट ने कहा था कि साजिश के तहत हिंसा को विरोध प्रदर्शन के नाम पर बढ़ावा देना स्वीकार नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने यह भी कहा था कि संविधान शांतिपूर्ण और कानून के दायरे में रहकर विरोध करने का अधिकार देता है, लेकिन यह अधिकार पूर्ण नहीं है और वाजिब प्रतिबंधों के अधीन है। हाईकोर्ट ने कहा था कि यदि बिना सीमा के विरोध की अनुमति दी जाए तो यह संवैधानिक ढांचे और कानून व्यवस्था को नुकसान पहुंचा सकता है।

## अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से मिले जयशंकर, ट्रेड डील पर बन गई सहमति?



नई दिल्ली (एजेंसी)। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रूबियो से मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच यह मुलाकात मलेशिया में हुई। यह मीटिंग मलेशिया में चल रहे आसियान शिखर सम्मेलन से इतर थी।

जयशंकर ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर इस मुलाकात की तस्वीरें साझा की। उन्होंने लिखा, आज सुबह कुआला लम्पुर में मार्को रूबियो से मिलकर खुशी हुई। हमारे द्विपक्षीय संबंधों के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर हुई चर्चा की सराहना की।

द्विपक्षीय संबंधों को लेकर हुई चर्चा- भारत और अमेरिका के बीच ट्रेड डील को लेकर बातचीत चल रही है। इस बीच जयशंकर और रूबियो की मुलाकात को काफी अहम माना जा रहा है। संभावना ये भी जताई जा रही है कि दोनों नेताओं के बीच व्यापार डील को लेकर भी चर्चा हुई होगी, हालांकि इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आ पाई है।

पिछले हफ्ते केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका के साथ हो रही ट्रेड डील पर बातचीत का अपडेट देते हुए कहा था कि भारत जल्दबाजी में किसी भी व्यापार समझौते पर दस्तखत नहीं करेगा, न ही साझेदार देशों की उन शर्तों को अस्वीकार नहीं करेगा जो उसके व्यापारिक विकल्पों को सीमित करती हैं।

पीयूष गोयल ने ट्रेड डील की स्थिति की ओर संकेत देते हुए कहा था कि बहुत ही अल्पकालिक संदर्भ में या अगले छह महीनों में क्या होने वाला है, इस बारे में नहीं है। यह केवल अमेरिका को स्टील बेचने की बात नहीं है। व्यापारिक समझौते लंबी अवधि के लिए होते हैं। यह केवल टैरिफ के बारे में नहीं है, यह विश्वास और संबंधों के बारे में भी है। व्यापार समझौते व्यवसायों के बारे में भी होते हैं।

## आरोपी IAS ऑफिसर गिरफ्तार, 1 करोड़ रुपये और यौन शोषण के घिनौने खेल का पर्दाफाश




नई दिल्ली (एजेंसी)। अरुणाचल प्रदेश सरकार के वरिष्ठ अधिकारी तालो पोटोम ने सोमवार को नाहरलगुन शहर में पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस ने उन्हें 19 साल के युवक गोमचू येकर और इंजीनियर लिकवांग लोवांग की आत्महत्या से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया है।

पोटोम इस वक्त दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग में विशेष अधिकारी के तौर पर तैनात थे। जानकारी के मुताबिक, गोमचू येकर ने 23 अक्टूबर की सुबह आत्महत्या कर ली थी। अपने सुसाइड नोट में उसने लिखा कि पोटोम और लोवांग ने उसका यौन शोषण किया, जिसकी वजह से वह HIV से संक्रमित हो गया। उसने यह भी लिखा कि दोनों अधिकारी उसे लगातार ब्लैकमेल कर रहे थे।

सुसाइड नोट में बड़ा खुलासा- येकर ने बताया है कि जब पोटोम 2021 से 2025 के बीच ईटानगर के डिप्टी कमिश्नर थे, तब उन्होंने उसे PWD में नौकरी दिलाई थी। सुसाइड नोट में यह भी लिखा था कि दोनों अफसरों ने उसे 1 करोड़ रुपये देने का वादा किया था, लेकिन बाद में धमकाने लगे और कहा कि वे उसका जीवन बर्बाद कर देंगे।

जब येकर का सुसाइड नोट सार्वजनिक हुआ और उसमें लोवांग का नाम आया तो लोवांग ने खुद को गोली मार ली। पुलिस के मुताबिक, दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया गया है और येकर का HIV टेस्ट भी किया गया। रिपोर्ट्स का इंतजार है। पोटोम ने मीडिया को जारी बयान में कहा कि ये आरोप झूठे और बेबुनियाद हैं। वहीं, येकर के परिवार ने न्याय की मांग करते हुए प्रदर्शन शुरू कर दिया है, जिससे राज्य की राजधानी के कुछ हिस्सों मे तनाव बढ़ गया है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
हिन्दकुश
info@hindkush.in
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
जागृयाम
info@jagrayam.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 शुक्ल सप्तमी


## संपादकीय

# भारत, रूस, चीन, मध्यपूर्व एवं दक्षिण-एशियाई अर्थतंत्र, और अमेरिका के बीच चल रही प्रतिस्पर्धा एवं गठबंधनों का मिजाज बदल रहा है...




वैश्विक स्तरपर आज का वैश्विक आर्थिक परिदृश्य पहले से कहीं अधिक द्रुत गति से बदल रहा है। भारत, रूस, चीन, मध्यपूर्व एवं दक्षिण-एशियाई अर्थतंत्र, और अमेरिका के बीच चल रही प्रतिस्पर्धा एवं गठबंधनों का मिजाज बदल रहा है। उस बदलते परिदृश्य में यह कहावत- सच प्रतीत होती है कि कल का हर वाक्या तुम्हारा था, आज दास्तान हमारी है।इसे विशेष रूप से डोनाल्ड ट्रम्प- रूस भारत चीन संदर्भ में प्रस्तुत किया है। अर्थात, अमेरिका-केंद्रित वैश्विक व्यवस्था का प्रभुत्व कम हो रहा है और रूस भारत चीन उस बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका ले रहा है, या कम-से-कम प्रयासरत है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र ऐसा मानता हूं कि क्या वास्तव में रूस भारत चीन भारत ऐसे राजनीतिक कदम उठाते जा रहे हैं जिनकी गूंज व्हाइट हाउस तक पहुँच रही है,या पहुँच सकती है ऐसा अनुमान लगाया जा सकता है। दशकों से हम देखते आ रहे हैं कि वैश्विक स्तरपर पारंपरिक रूप से,वैश्विक व्यापार और ऊर्जा सौदे प्रमुख रूप से यूनाइटेड स्टेट्स डॉलर में विनियोजित होते आए हैं,जिसने अमेरिका को न सिर्फ मुद्रा-बल बल्कि वैश्विक वित्त-सिस्टम में असाधारण प्रभुत्व प्रदान किया।लेकिन इस व्यवस्था में कई असंतुलन हैं,उभरती अर्थव्यवस्थाओं को डॉलर- निर्भरता के कारण विनिमय जोखिम, शुल्क- बाधाएं और नियंत्रणों का सामना करना पड़ता है। इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकार के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,क्या ट्रम्प की टैरिफ पॉलिसी और भारत-रूस-चीनी मुद्रा- सहयोग की पहल वर्तमान डॉलर-मॉडल को डीडॉलराइजेशन की ओर ले जा रहे हैं बता दें कि इस आर्टिकल में दिए गए विचार संकेत- तथा दिशासूचक हैं, न कि पूर्णतया प्रमाणित 'करार' की तरह।

साथियों बात अगर हम रूस भारत चीन एवं डॉलर- सत्तात्मक व्यवस्था के बदलते परिदृश्य में भारत की स्थिति समझने की करें तो,सबसे पहले हम उस बड़े प्रसंग पर दृष्टि डालते हैं जिसमें डॉलर की प्रभुता और उसकी चुनौती दोनों मौजूद हैं। वैश्विक रूप से डॉलर ने दशकों से मुख्य आरक्षित मुद्रा, व्यापार एवं पेट्रोलियम लेनदेन की प्रमुख मुद्रा, और अंतरराष्टीय वित्तीय व्यवस्था की रीढ़ के रूप में काम किया है।लेकिन अब डीडॉलराइजेशन की दिशा में संकेत बढ़ रहे हैं- विशेष रूप से रूस-चीन-भारत जैसे देशों में जो अमेरिकी वेस्टर्न सिस्टम पर अधिक निर्भर नहीं रहना चाहते। भारत इस परिदृश्य में महत्वपूर्ण मोड़ पर है। भारत सरकार ने अपनी नीतियों में एक स्पष्ट संकेत दिया है कि भारत अपने मुद्रा-चयन, भुगतान व्यवस्था और विनिमय व्यवस्था में अधिक सक्रिय होना चाहताहै,विशेष रूप से यह कि सिर्फ डॉलर के सहारे नहीं रहें। उदाहरण के लिए, रिज़र्व बैंक ऑफ़ इंडिया ने हाल में यूएई दिरहम और इंडोनेशियाई रुपिया के लिए रेफरेंस रेट फिक्स करने की घोषणा की है, जिसे रुपये के टरनेशनलीसैशन की दिशा में एक कदम माना जा रहा है।द्बसंभवतः उन्होंने डॉलर प्रभुत्व को चुनौती देने की दिशा में महत्वपूर्ण रणनीतिक कदम उठाए हैं।

साथियों बातें अगर हम आरबीआई द्वारा रेफरेंस-रेट्स में बदलाव,भारत की मुद्रा और व्यापार रणनीति को समझने की करें तो,आरबीआई ने यूएई व इंडोनेशिया की करेंसी के लिए रेफरेंस रेट फिक्स कर लिए हैं,इस अवसर पर यह जाना जाना महत्वपूर्ण है कि रेफरेंस रेट शब्द का क्या अर्थ है- यह उस मुद्रा के मुकाबले भारतीय रुपया का औपचारिक सार्वजनिक दर होता है, जिसे बैंक,व्यवसाय और एक्सपोर्ट- इम्पोर्ट कंपनियाँ उपयोग कर सकती हैं और जिससे विनिमय जोखिम कम होता है। यह कदम दो मायनों से रणनीतिक है-एक, यह व्यापारियों और एक्सपोर्ट- इम्पोर्टरों को डॉलर के जरिए जाने-माने मध्यस्थता (डॉलर - इंटरमीडिएशन) से बहुत हद तक मुक्त करता है। उदाहरण-स्वरूप, यदि भारत-यूएई व्यापार में दिरहम को सीधे रेफरेंस दर के तहत उपयोग कर सके, तो रुपया दिरहम या दिरहम रुपया लेनदेन आसान हो जाती है।यह मुद्रा- अंतर्राष्ट्रीयकरण की दिशा में संकेत देता है, यानें, भारत यह संदेश देना चाहता है कि रुपया सिर्फ घरेलू मुद्रा नहीं रहेगा, बल्कि व्यापारिक रूप से और वित्तीय रूप से विदेशों में अधिक स्वीकार्य हो सकेगा।

# श्रीलाल शुक्ल




श्रीलाल शुक्ल को लखनऊ जनपद के समकालीन कथा-साहित्य में उद्देश्यपूर्ण व्यंग्य लेखन के लिये विख्यात साहित्यकार माने जाते थे। उन्होंने 1947 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से स्नातक परीक्षा पास की। 1949 में राज्य सिविल सेवा से नौकरी शुरू की। 1983 में भारतीय प्रशासनिक सेवा से निवृत्त हुए। उनका विधिवत लेखन 1954 से शुरू होता है और इसी के साथ हिंदी गद्य का एक गौरवशाली अध्याय आकार लेने लगता है।

### व्यक्तित्व

श्रीलाल शुक्ल का व्यक्तित्व अपनी मिसाल आप था। सहज लेकिन सतर्क, विनोदी लेकिन विद्वान, अनुशासनप्रिय लेकिन अराजक। श्रीलाल शुक्ल अंग्रेज़ी, उर्दू, संस्कृत और हिन्दी भाषा के विद्वान थे। श्रीलाल शुक्ल संगीत के शास्त्रीय और सुगम दोनों पक्षों के रसिक-मर्मज्ञ थे। कथाक्रम समारोह समिति के वह अध्यक्ष रहे। श्रीलाल शुक्ल जी ने ग़रीबी झेली, संघर्ष किया, मगर उसके विलाप से लेखन को नहीं भरा। उन्हें नई पीढ़ी भी सबसे ज़्यादा पढ़ती है। वे नई पीढ़ी को सबसे अधिक समझने और पढ़ने वाले वरिष्ठ रचनाकारों में से एक रहे। न पढ़ने और लिखने के लिए लोग सैद्धांतिकी बनाते हैं। श्रीलाल जी का लिखना और पढ़ना रुका तो स्वास्थ्य के गंभीर कारणों के चलते। श्रीलाल शुक्ल का व्यक्तित्व बड़ा सहज था। वह हमेशा मुस्कुराकर सबका स्वागत करते थे। लेकिन अपनी बात बिना लाग-लपेट कहते थे। व्यक्तित्व की इसी खूबी के चलते उन्होंने सरकारी सेवा में रहते हुए भी व्यवस्था पर करारी चोट करने वाली राग दरबारी जैसी रचना हिंदी साहित्य को दी।

### लखनऊ का गौरव

विश्वनाथ त्रिपाठी ने हरिशंकर परसाई के लेखन को 'स्वतंत्र भारत की आवाज़' कहा है। श्रीलाल शुक्ल का स्वर मिला लें तो यह आवाज़ और प्रखर व पुख्ता होती है। वैसे तो वे पूरे भारत के थे, लेकिन लखनऊ के ख़ास गौरव थे। यशपाल - भगवतीचरण वर्मा - अमृतलाल नागर के बाद रचनात्मक मानचित्र पर लखनऊ चमकता रहा तो इसका बड़ा श्रेय श्रीलाल शुक्ल को दिया जायेगा।

### रचनाएँ

10 उपन्यास, 4 कहानी संग्रह, 9 व्यंग्य संग्रह, 2 विनिबंध, 1 आलोचना पुस्तक आदि उनकी कीर्ति को बनाये रखेंगे। उनका पहला उपन्यास सूनी घाटी का सूरज 1957 में प्रकाशित हुआ. उनका सबसे लोकप्रिय उपन्यास राग दरबारी 1968 में छपा। राग दरबारी का पन्द्रह भारतीय भाषाओं के अलावा अंग्रेजी में भी अनुवाद प्रकाशित हुआ। राग विराग श्रीलाल शुक्ल का आखिरी उपन्यास था। उन्होंने हिंदी साहित्य को कुल मिलाकर 25 रचनाएं दीं। इनमें मकान, पहला पड़ाव, अज्ञातवास और विश्रामपुर का संत प्रमुख हैं।

### प्रसिद्ध रचनाएँ

सूनी घाट का सूरज (1957)
अज्ञातवास (1962)
राग दरबारी (1968)
आदमी का ज़हर (1972)
सीमाएँ टूटती हैं (1973)
'मकान (1976)
'पहला पड़ाव'(1987)
'विश्रामपुर का संत (1998)
बब्बरसिंह और उसके साथी (1999)
राग विराग (2001)
'यह घर मेरी नहीं (1979)
सुरक्षा और अन्य कहानियाँ (1991)
इस उम्र में (2003)
दस प्रतिनिधि कहानियाँ (2003)
प्रसिद्ध व्यंग्य रचनाएँ
अंगद का पाँव (1958)
यहाँ से वहाँ (1970)
मेरी श्रेष?ठ व्यंग्य रचनाएँ (1979)
उमरावनगर में कुछ दिन (1986)
कुछ ज़मीन में कुछ हवा में (1990)
आओ बैठ लें कुछ देरे (1995)
अगली शताब्दी का शहर (1996)
जहालत के पचास साल (2003)
खबरों की जुगाली (2005)
आलोचना
अज्ञेय:कुछ रंग और कुछ राग (1999)
विनिबंध
भगवतीचरण वर्मा (1989)
अमृतलाल नागर (1994)

### भाषा शैली

उन्होंने शिवपालगंज के रूप में अपनी अद्भुत भाषा शैली, मिथकीय शिल्प और देशज मुहावरों से गढ़ा था। त्रासदियों और विडंबनाओं के इसी साम्य ने 'राग दरबारी' को महान् कृति बनाया, तो इस कृति ने श्रीलाल शुक्ल को महान् लेखक। राग दरबारी व्यंग्य है या उपन्यास, यह एक श्रेष्ठ रचना है, जिसकी तसदीक करोड़ों पाठकों ने की है और कर रहे हैं। 'विश्रामपुर का संत', 'सूनी घाटी का सूरज' और 'यह मेरा घर नहीं' जैसी कृतियाँ साहित्यिक कसौटियों में खरी साबित हुई हैं। बल्कि 'विश्रामपुर का संत' को स्वतंत्र भारत में सत्ता के खेल की सशक्त अभिव्यक्ति तक कहा गया था। राग दरबारी को इतने वर्षों बाद भी पढ़ते हुए उसके पात्र हमारे आसपास नजर आते हैं। शुक्लजी ने जब इसे लिखा था, तब एक तरह की हताशा चारों तरफ़ नजर आ रही थी। यह मोहभंग का दौर था। ऐसे निराशा भरे महौल में उन्होंने समाज की विसंगतियों को चुटीली शैली में सामने लाया था। वह श्रेष्ठ रचनाकार के साथ ही एक संवेदनशील और विनम्र इंसान भी थे।

### ग्रामीण परिवेश

श्रीलाल शुक्ल की रचनाओं का एक बड़ा हिस्सा गाँव के जीवन से संबंध रखता है। ग्रामीण जीवन के व्यापक अनुभव और निरंतर परिवर्तित होते परिदृश?य को उन्होंने बहुत गहराई से विश?लेषित किया है। यह भी कहा जा सकता है कि श्रीलाल शुक्ल ने जड़ों तक जाकर व्यापक रूप से समाज की छान बीन कर, उसकी नब्ज को पकड़ा है। इसीलिए यह ग्रामीण संसार उनके साहित्य में देखने को मिला है। उनके साहित्य की मूल पृष?ठभूमि ग्राम समाज है परंतु नगरीय जीवन की भी सभी छवियाँ उसमें देखने को मिलती हैं। श्रीलाल शुक्ल ने साहित्य और जीवन के प्रति अपनी एक सहज धारणा का उल्लेख करते हुए कहा है कि -

कथालेखन में मैं जीवन के कुछ मूलभूत नैतिक मूल्यों से प्रतिबद्ध होते हुए भी यथार्थ के प्रति बहुत आकृष?ट हूँ। पर यथार्थ की यह धारणा इकहरी नहीं है, वह बहुस्तरीय है और उसके सभी स्तर - आध्यात्मिक, आभ्यंतरिक, भौतिक आदि जटिल रूप से अंतर्गुम्फित हैं। उनकी समग्र रूप में पहचान और अनुभूति कहीं-कहीं रचना को जटिल भले ही बनाए, पर उस समग्रता की पकड़ ही रचना को श्रेष?ठता देती है। जैसे मनुष?य एक साथ कई स्तरों पर जीता है, वैंसे ही इस समग्रता की पहचान रचना को भी बहुस्तरीयता देती है।

### सामाजिक व्यंग्य

श्रीलाल शुक्ल की सूक्ष्म और पैनी दृष्टि व्यवस्था की छोटी-से-छोटी विकृति को भी सहज ही देख लेती है, परख लेती है। उन्होंने अपने लेखन को सिर्फ राजनीति पर ही केंद्रित नहीं होने दिया। शिक्षा के क्षेत्र की दुर्दशा पर भी उन्होंने व्यंग्य कसा। 1963 में प्रकाशित उनकी पहली रचना 'धर्मयुग' शिक्षा के क्षेत्र में व्याप?त विसंगतियों पर आधारित है। व्यंग्य संग्रह 'अंगद का पाँव' और उपन्यास 'राग दरबारी' में श्रीलाल शुक्ल ने इसे विस्तार दिया है।

### शिक्षा व्यवस्था पर व्यंग्य

देश के अनेक सकारी स्कूलों की स्थिति दयनीय है। उनके पास अच्छा भवन तक नहीं है। कहीं कहीं तो तंबुओं में कक्षाएँ चलाती हैं, अर्थात न्यूतम सुविधाओं का भी अभाव है। श्रीलाल शुक्ल इस पर टिप्पणी करते हुए कहते हैं कि -

यही हाल 'राग दरबारी' के छंगामल विद्यालय इंटरमीडियेट कॉलेज का भी है, जहाँ से इंटरमीडियेट पास करने वाले लड़के सिर्फ इमारत के आधार पर कह सकते हैं, सैनिटरी फिटिंग किस चिड़िया का नाम है। हमने विलायती तालीम तक देशी परंपरा में पाई है और इसीलिए हमें देखो, हम आज भी उतने ही प्राकृत हैं, हमारे इतना पढ़ लेने पर भी हमारा पेशाब पेड़ के तने पर ही उतरता है।

# दीवाली भी चली गई छठ पूजा भी बीत गई, लेकिन खाते में नहीं आए पैसे, अब कितना करना होगा और इंतजार?



नई दिल्ली (एजेंसी)। पीएम किसान योजना के तहत किसानों को हर साल 6000 रुपये की आर्थिक मदद दी जाती है। ये पैसे किसानों के खाते में तीन अलग-अलग किस्त (PM Kisan wvst Installment में आते हैं। इससे पहले 20वीं किस्त के लिए किसान भाई बहनों को उम्मीद से भी ज्यादा इंतजार करना पड़ा।

हालांकि इस बार कुछ किसानों को राहत तो नहीं मिली। सरकार ने ऐसे राज्यों के किसानों के लिए किस्त पहले जारी कर दी, जो बीत समय भारी बाढ़ से प्रभावित हुए। हालांकि बाकी राज्य के किसान अभी तक अपनी किस्त का इंतजार कर रहे हैं।

दिवाली तक मिलने की थी उम्मीद- मीडिया रिपोर्ट की मानें तो किसानों को दिवाली तक किस्त मिलने की उम्मीद थी। माना जा रहा था कि बाकी के बचे राज्य के किसानों को दिवाली से पहले सरकार दिवाली गिफ्ट के रूप में किस्त दे सकती है। दिवाली बीतने के बाद फिर छठ पूजा के मौके पर मिलेगा, ऐसी खबरें सुनने को आ रही थी। लेकिन छठ तक भी कोई अच्छी खबर सरकार की ओर से सामने नहीं आई।

## जिरोधा यूजर्स के लिए खुशखबरी, अगले 3 महीनों में कंपनी शुरू करेगी ये खास सर्विस




नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में सबसे लोकप्रिय डिस्काउंट ब्रोकर जिरोधा अपने लाखों यूजर्स को एक बड़ी सौगात देने वाला है। दरअसल, यह ब्रोकिंग फर्म अगली तिमाही तक अपने यूजर्स को अमेरिकी शेयर बाजार में इन्वेस्टमेंट करने की सुविधा देने जा रहा है। जिरोधा के फाउंडर और सीईओ नितिन कामथ ने यह जानकारी दी है।

नितिन कामथ ने यूट्यूब पर ज़ेरोधा के फाउंडर्स और टॉप मैनेजमेंट के साथ एक आस्क मी एनीथिंग सेशन में कहा, बहुत से लोगों ने मुझे सोशल मीडिया पर टैग किया और अमेरिका में निवेश के बारे में पूछा। हम इस पर काम कर रहे हैं, और अगली तिमाही में हमारे पास कुछ न कुछ ज़रूर होगा। यह एक प्रोडक्ट लॉन्च है।

बेंगलुरु स्थित डिस्काउंट ब्रोकर ने अब तक अमेरिकी इन्वेस्टमेंट प्रोडक्ट्स से दूरी बनाए रखी है, जबकि एंजेल वन, इंडमनी, जेएम फाइनेंशियल, एक्सिस डायरेक्ट, एचडीएफसी सिक्योरिटीज, कुवेरा और 5पैसा जैसी कई ब्रोकरेज कंपनियां यह सुविधा प्रदान करती हैं। वहीं, ज़ेरोधा के सीटीओ कैलाश नाध ने कहा, यह प्रोडक्ट लॉन्च लंबे समय से अटका था। अब हमें तद्धस्न्रज्ञ सिटी के माध्यम से नियामक स्पष्टता मिल गई है।

## भारत से छिन गया खिताब, टेलीकॉम सर्विस के मामले अब नहीं रहा सबसे सस्ता; ये पड़ोसी देश कैसे निकला आगे



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत को दुनियाभर के देशों की अपेक्षा टेलीकॉम सर्विस के मामले में सबसे सस्ता माना आता जा रहा है। लेकिन अब भारत अब दूरसंचार सेवाओं के लिए सबसे सस्ता देश नहीं रहा। अब बांग्लादेश और इजिप्ट अब कम बेस प्लान चार्ज ले रहे हैं। हालांकि पीपीपी के लिहाज से डेटा किफायती बना हुआ है

ICICI सिक्योरिटीज की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत किफायती दरों की रैंकिंग में ऊपर आया है, लेकिन यह समकक्ष देशों के तुलना में थोड़ा महंगा हुआ है। यह खासकर वॉयस सर्विस के मामले में देखने को मिल रहा है। भारत में दूरसंचार ऑपरेटर बेस प्लान स्तर पर भी असीमित वॉयस कॉलिंग प्रदान करते हैं, जबकि बांग्लादेश और मिस्र में उपयोगकर्ताओं को क्रमशः केवल 100 और 70 मिनट मिलते हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि अफोर्डिबिलिटी के लिहाज से, भारत अब दूरसंचार सेवाओं के लिए सबसे सस्ता टैरिफ वाला देश नहीं है।

इसके अलावा, रिपोर्ट में बताया गया है कि अतिरिक्त 100 रुपये के साथ, भारतीय दूरसंचार ऑपरेटर 26 जीबी अतिरिक्त डेटा प्रदान करते हैं, यानी प्रति जीबी केवल 4 रुपये की लागत। रिपोर्ट में कहा गया है कि यही बात भारत को दुनिया के सबसे किफायती डेटा वाले देशों में से एक बनाती है ।

दिलचस्प बात यह है कि इंडोनेशिया एकमात्र ऐसा देश है जो भारत के बराबर स्तर पर बेस प्लान उपलब्ध कराता है । ज़्यादातर देशों में बेस प्लान की कीमत भारत से लगभग दोगुनी है ।

## शिमला मिर्च, झींगा और एल्यूमीनियम... भारत ने चीन को क्या-क्या बेचा; बंपर निर्यात डेटा देख ट्रंप टैरिफ की निकली हवा!





नई दिल्ली (एजेंसी)। चीन को भारत का निर्यात लगभग 22त्न बढ़ा है। सरकार के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2025 की पहली छमाही की तुलना में 2025-26 की पहली छमाही में निर्यात में बढ़त देखने को मिली है। यह बढ़त टेलीफोन सेट के पार्ट्स, झींगा, एल्यूमीनियम और शिमला मिर्च जैसी वस्तुओं के कारण हुई है।

कुछ विशेषज्ञों के अनुसार, यह बताती है कि भारतीय निर्यातकों ने अमेरिकी टैरिफ के बाद अपने कुछ व्यापार को विभिन्न गंतव्यों में सफलतापूर्वक विविधता प्रदान की है। आंकड़ों के अनुसार, अमेरिका ने भारत से निर्यात पर 50% का टैरिफ लगाए जाने के बाद, झींगा और एल्युमीनियम जैसे कुछ भारतीय निर्यातों पर भारी असर पड़ा है, लेकिन चीनी बाजार में इन वस्तुओं की अच्छी-खासी मांग देखी गई है। दिलचस्प बात यह है कि भारतीय निर्यातक ऑर्गेनिक लाइट एमिटिंग डायोड के फ्लैट पैनल डिस्प्ले मॉड्यूल और सूखे बीन्स जैसे नए उत्पादों का चीन को सफलतापूर्वक निर्यात कर रहे हैं।

हालांकि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। अप्रैल-सितंबर 2025 में चीन को भारत का निर्यात 8.41 अरब डॉलर रहा, जो अप्रैल-सितंबर 2024 में 6.90 अरब डॉलर था। इस तरह इसमें 22त्न की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। अगस्त से अमेरिका के भारतीय वस्तुओं पर हाई टैरिफ लगाए जाने के बाद, चीन को निर्यात 34% बढ़कर 1.47 अरब डॉलर हो गया, जो सितंबर 2024 में 1.09 अरब डॉलर था।

# Nifty फिर से 26000 के पास बंद, Sensex 500 प्वाइंट उछला, सरकारी बैंक और मेटल शेयरों ने भरा बाजार में जोश




नई दिल्ली (एजेंसी)। अक्तूबर मंथली एक्सपायरी से एक दिन पहले और इस हफ्ते के पहले कारोबारी सत्र में शेयर बाजार बड़ी तेजी के साथ बंद हुए हैं। निफ्टी 170 प्वाइंट्स की बढ़त के साथ 25966 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, सेंसेक्स ने 551 अंकों की तेजी दिखाकर 84763 पर क्लोजिंग दी। सबसे ज्यादा खरीदारी सरकारी बैंकों के शेयरों में देखने को मिली और निफ्टी पीएसयू बैक इंडेक्स 2.22 फीसदी चढ़कर बंद हुआ। इसके वहीं, निफ्टी मेटल इंडेक्स 1.15 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ। इसके अलावा, ऑटो, आईटी और रियल्टी शेयरों में भी अच्छी तेजी देखने को मिली।

मार्केट के टॉप गेनर और लूजर- निफ्टी50 के टॉप गेनर शेयरों में ग्रासिम 3 फीसदी की तेजी के साथ सबसे ऊपर रहा। इसके अलावा, एसबीआई लाइफ, भारती एयरटेल, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और रिलायंस भी 2 फीसदी से ज्यादा की बढ़त के साथ बंद हुए। वहीं, निफ्टी के टॉप लूजर शेयरों में कोटक बैंक, बीईएल, बजाज फाइनेंस, अदाणी एंटरप्राइजेज और ओएनजीसी शामिल रहे।

सरकारी बैंक शेयरों ने भरा जोश- बाजार की तेजी में 27 अक्तूबर को सबसे बड़ा योगदान सरकारी बैंक शेयरों का रहा है। क्योंकि, निफ्टी पीएसयू बैंक 2.22 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ। इनमें टॉप गेनर स्टॉक बैंक ऑफ इंडिया रहा, जो 4.34 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ।

इसके अलावा, बैंक बड़ौदा (2.8त्न), कैनरा बैंक (2.73त्न), पंजाब नेशनल बैंक (2.30त्न), यूनियन बैंक ऑफ इंडिया (2.25त्न), इंडियन ओवरसीज बैंक (2.10त्न) और एसबीआई, यूको बैंक, पंजाब एंड सिंध, बैंक ऑफ महाराष्ट्र के शेयर भी 2 फीसदी तक चढ़ गए।

## तिजोरी के पैसे निकालने की आ गई बारी – आ रहे हैं इन बड़ी कंपनियों के आईपीओ




नई दिल्ली (एजेंसी)। आज आप सिर्फ शेयर्स से नहीं, बल्कि आईपीओ में भी लोग बढ़-चढ़कर निवेश कर रहे हैं। आईपीओ एक तरह से शेयर ही है। कोई भी कंपनी शेयर बाजार एंट्री लेने से पहले प्राइमरी मार्केट में प्रवेश करते हैं। प्राइमरी मार्केट में आप कंपनी के शेयर्स आईपीओ के जरिए खरीदते हैं। प्राइमरी मार्केट अभी तो सुनसानी है, लेकिन ये ज्यादा समय तक नहीं रहने वाला है। प्राइमरी मार्केट में जल्द ही एक से बढ़कर एक बड़ी कंपनियों की एंट्री होने वाली है। आइए इनके बारे में एक-एक करके बात करते हैं।

लेंसकार्ट आईपीओ - ये आईपीओ जल्द ही प्राइमरी मार्केट में अपनी एंट्री ले सकता है। इसका लॉट साइज 37 शेयर्स का है। लेंसकार्ट ने अपने आईपीओ का प्राइस बैंड 382 रुपये से 402 रुपये रखा है। इसका इश्यू साइज 7278 करोड़ रुपये का है। इसे खरीदने के लिए आपको कम से कम 14,134 रुपये लगाने होंगे।

ग्रो आईपीओ- कंपनी अपने आईपीओ के जरिए 10,600 रुपये मिलियन के फ्रेश इश्यू और 574,190,754 इक्विटी शेयर्स ऑफर फॉर सेल के तहत जारी करने वाली है।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# मप्र में कांग्रेस का यह हाल, सौ से अधिक ब्लाक व उप ब्लाक में युवा कांग्रेस अध्यक्ष के लिए कोई दावेदार नहीं

भोपाल। मध्य प्रदेश के लिए युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव, जिलों के अध्यक्ष, जिला महासचिव, ब्लाक अध्यक्ष और विधानसभा अध्यक्षों की घोषणा दिल्ली से 30 या 31 अक्टूबर को हो सकती है। प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा नवंबर में होगी। चौंकाने वाली बात यह है कि कांग्रेस संगठन की दृष्टि से प्रदेश में बने एक हजार ब्लाक व उप ब्लाकों में अध्यक्ष पद के लिए सौ से अधिक में किसी ने दावेदारी ही नहीं की, इस कारण इन ब्लाकों में अध्यक्ष की घोषणा अभी नहीं हो पाएगी।



पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी वर्ष 2028 में प्रस्तावित मध्य प्रदेश विधानसभा और 2029 के लोकसभा चुनाव की दृष्टि से बूथ स्तर तक सशक्त संगठन खड़ा करने पर बल दे रहे हैं, पर पार्टी के लिए चिंता की बात यह है कि ब्लाकों में युवा कांग्रेस का नेतृत्व संभालने के लिए आगे आने वालों की कमी है। ज्यादा खराब स्थिति अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) विधानसभा सीटों के अंतर्गत आने वाले ब्लाकों की है। विधानसभा चुनाव में 230 में से 66 पर सिमटने और लोकसभा चुनाव में सभी 29 सीटें हारने के बाद कांग्रेस इन दोनों वर्गों में अपना प्रभाव बढ़ाने के लिए कई आंदोलन और अभियान चला चुकी है। इसके बाद भी जिन युवाओं के बूते पार्टी भाजपा को मात देने का दम भर रही है, उनकी बेरुखी पार्टी के लिए बड़े संदेश की तरह है।

कभी कांग्रेस के गढ़ रहे शिवपुरी जिले की पांच विधानसभा सीटों के 26 ब्लाक व उप ब्लाकों में 14 में युवा कांग्रेस का अध्यक्ष बनने के लिए कोई सामने नहीं आया। यह केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रभाव वाला क्षेत्र है। यहां एससी के लिए आरक्षित करेरा विधानसभा सीट को कांग्रेस ने सात ब्लाक में बांटा है।

इनमें नरवर छोड़ दें तो बाकी में किसी ने दावेदारी नहीं की। कई जगह विधानसभा अध्यक्ष और जिला महासचिव बनने में भी युवाओं ने रुचि नहीं ली है। सवाल यह है कि जब कोई अध्यक्ष बनने को तैयार नहीं है तो बूथ स्तर तक युवा कांग्रेस का संगठन इस सीट पर कैसा होगा यह साफ है।

दावा 15 लाख से ज्यादा की सदस्यता का, वैध छह लाख ही बता दें कि पहली बार आनलाइन सदस्यता और मतदान से देशभर में इन पदाधिकारियों का चुनाव हो रहा है। मध्य प्रदेश में 15 लाख 37 हजार नए सदस्य बनाने का दावा था, पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) की जांच में छह लाख ही वैध सदस्य मिले हैं, जबकि दस्तावेज अपूर्ण होने के कारण चार लाख की सदस्यता होल्ड हैं।

युवा कांग्रेस का संगठन सृजन हो रहा है। अगले 10 दिन में ब्लाक, विधानसभा व जिलाध्यक्ष सहित युवा कांग्रेस की ऊर्जावान टीम देखने को मिलेगी। नया नेतृत्व उभर कर आएगा। 15 लाख से अधिक युवाओं ने सदस्यता के लिए आवेदन किया जो दर्शाता कि मप्र में युवाओं का भाजपा से मोह भंग हुआ है।

**- विवेक त्रिपाठी, प्रवक्ता, मप्र कांग्रेस**

## सिरफिरे युवक ने सरेराह छात्रा को दी धमकी, दहशत में परिवार

ग्वालियर। सिरफिरे आशिक की हिम्मत इतनी बढ़ गई कि उसने सरेराह हिंदू छात्रा का हाथ पकड़ लिया और जान से मारने की धमकी दी। यह भी कहा कि वह कट्टर मुस्लिम है। अगर उससे शादी नहीं की, तो वह किसी और से शादी नहीं होने देगा। मामला ग्वालियर के माधोगंज क्षेत्र का है। 20 वर्षीय छात्रा इंदौर में रहकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही है, जिसकी शिकायत पर पुलिस ने माधोगंज इलाके में मदीना मस्जिद के पास रहने वाले हारून खान को गिरफ्तार कर लिया है।



**आते-जाते बुरी नियत से घूरता था युवक**-प्रीतमपुर कालोनी निवासी 20 वर्षीय छात्रा कुछ समय पहले तक ग्वालियर में ही पढ़ रही थी। छात्रा इंदौर गई, तो करीब एक महीने पहले आरोपित ने किसी तरह उसका मोबाइल नंबर हासिल कर लिया और दोस्ती के लिए मैसेज करने लगा। परेशान होकर छात्रा ने नंबर ब्लॉक कर दिया। बीते दिनों छात्रा दीपावली पर घर आई, तो आरोपित उसका पीछा करने लगा। दिन भर छात्रा के घर के बाहर खड़ा रहता। उसे आते-जाते बुरी नियत से घूरता।रास्ता रोककर हाथ पकड़ा और दी धमकी

बीते रोज आरोपित ने छात्रा का घर के पास ही हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की। छात्रा ने शोर मचाया और अपने स्वजनों के साथ थाने पहुंची। माधोगंज थाना प्रभारी दिव्या तिवारी ने बताया कि छात्रा की शिकायत पर आरोपित के खिलाफ एफआईआर दर्ज की और गिरफ्तार कर लिया। छात्रा आरोपित से इतनी डरी हुई है कि वह अकेले घर से बाहर नहीं निकल रही है। जान से मारने की धमकी के बाद परिवार भी दहशत में है।

## टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन बना अखाड़ा... 2 यात्रियों में जमकर चले लात-घूंसे

टीकमगढ़। रेलवे स्टेशन पर दो यात्रियों के बीच विवाद का मामला सामने आया है। मारपीट होने के चलते किसी यात्री ने घटना का वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद अब पुलिस मारपीट में शामिल लोगों की तलाश कर रही है। वहीं इस घटना के बाद रेलवे स्टेशन पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठे हैं। जहां पर घटना के दौरान रेलवे सुरक्षाकर्मी मौके पर नजर नहीं आए, जिससे यात्रियों की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं।

**ट्रेन से उतरने के दौरान दो यात्रियों के बीच मारपीट**-बताया गया कि टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन पर रविवार रात पैसेंजर ट्रेन से उतरने के दौरान दो यात्रियों के बीच मारपीट हो गई। यह घटना करीब 10 मिनट तक चली, जिसके बाद मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।

रेल सुरक्षा के जवान नदारद

वहां पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि रेलवे स्टेशन पर अक्सर रेल सुरक्षा के जवान नदारद रहते हैं। यात्रियों के बीच काफी देर तक लड़ाई होती रही, लेकिन कोई भी सुरक्षा गार्ड दिखाई नहीं दिया। वहीं मामले में कोतवाली टीआइ बृजेंद्र चाचौदिया ने कहा कि वीडियो के आधार पर मारपीट की घटना में शामिल लोगों को चिह्नित करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही उनकी तलाश भी कर रहे हैं।



# पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम को लूटने की योजना बना रहे चार नाबलिग सहित आठ गिरफ्तार

छिंदवाड़ा। देहात थाना अंतर्गत गांगीवाडा पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम में डकैती डालने की योजना बनाते हुए पुलिस ने आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपितों के पास से पुलिस ने डकैती से सबंधित सामग्री बरामद की है ।

पुलिस ने तपीश पिता राहुल बागडे (22) निवासी हरिजन कालोनी जरीपटका थाना जरीपटका जिला नागपुर (महाराष्ट्र), आकाश पिता अजय डागोरिया (33) निवासी इन्दौरा गली नं. 3 थाना इन्दौरा जिला नागपुर (महाराष्ट्र), अनुज पिता राजेश नामदेव (23 निवासी फ्रेंडस कालोनी खजरी थाना देहात छिंदवाड़ा और अंशुल पिता रुपचंद उड़के (18) निवासी कृष्णा नगर थाना देहात जिला एवं चार नाबालिग विधि उल्लंघन कर्ता किशोर को गिरफ्तार किया है। मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली है कि



छिंदवाडा नरसिंहपुर रोड के पास स्थित मयंक कोठारी का खाली प्लाटिंग एरिया में तीन मोटर सायकिलें खड़ी हैं, वहीं मोटर सायकिलों के पास 8-9 आदमी बैठे हैं। इनके पास गैस कटर, तलवार, चाकू, लोहे की राडें, आरी आदि सामानें रखी है और वह सब आपस में बात कर रहे हैं कि आज रात्रि करीबन 12-1 बजे के बीच गांगीवाड़ा रोड में स्थित पंजाब नेशनल बैंक का एटीएम, गैस कटर से काटकर उसमें डकैती डालना है।

सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल थाना प्रभारी द्वारा वरिष्ट अधिकारियों को अवगत कराते हुए थाने से अतिरिक्त बल मय आर्म्स के बुलाकर अलग अलग पुलिस पार्टी बनाकर घेराबंदी कर बदमाशों को गिरफ्त में लिया गया। पकड़ाए सभी आरोपितों के पास से डकैती में उपयोग करने के लिए गैस कटर, तलवार, चाकुएं, नकाब, लोहे की राडे एवं दो मोटर साइकिल, एक स्कूटी बरामद की गई।

पकड़े गये आरोपितों में से दो आरोपित एवं चार नाबालिक आरोपित नागपुर के अलग, अलग जगह से है। सभी आरोपितों के विरूद्ध अपराध क्र. 496/25 धारा 310(4),310(5) बीएनएस, 25 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध किया गया है। आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया है।



# रिमझिम फुहारों के बीच गुरु वंदन के साथ शुरू हुई महामंगलकारी प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियां

इंदौर। रेसकोर्स रोड स्थित श्री मनमोहन पार्श्वनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर के महामंगलकारी प्रतिष्ठा महोत्सव की तैयारियां रविवार सुबह रिमझिम फुहारों के बीच भक्ति और उत्साह के वातावरण में प्रारंभ हुईं। समाजजन बड़ी संख्या में एकत्र हुए और गुरु भगवंतों का स्मरण कर कुमकुम, हल्दी, अक्षत व रोली से पूजन करते हुए न्योता आलेखन किया।



तीन घंटे से अधिक समय तक चले इस गुरु-वंदना क्रम में जय जय गुरु भगवंत के जयघोष से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर सैकड़ों श्वेतांबर जैन समाजजन, युवा, महिलाएं और वरिष्ठजन श्रद्धा भाव से उपस्थित रहे।

12 नवंबर से होगा छह दिवसीय प्रतिष्ठा महोत्सव- श्री मनमोहन पार्श्वनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर, गुरु मंदिर ट्रस्ट एवं प्रतिष्ठा समारोह समिति की अगुवाई में 12 नवंबर से छह दिवसीय दिव्य महामंगलकारी प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन होगा। समिति अध्यक्ष जयसिंह जैन एवं सचिव शैलेश अंबोर ने बताया कि इस भव्य आयोजन में इंदौर सहित राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और देशभर से समाजजन सहभागिता करेंगे।

आयोजन में जीर्णोद्धार प्रणेता एवं प्रतिष्ठाचार्य परम पूज्य गच्छाधिपति आचार्य श्री जयानंदसुरीश्वर जी महाराज सा. एवं परम पूज्य आचार्य दिव्यानंदसुरीश्वर जी महाराज सा. की निश्रा रहेगी।

मुख्य प्रतिष्ठा 16 नवंबर को- प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत 12 नवंबर को गुरु भगवंत आचार्यों का नगर प्रवेश, 13 नवंबर को प्रतिष्ठा आरंभ और 16 नवंबर को मुख्य प्रतिष्ठा आयोजित होगी।

रविवार को आयोजित न्योता आलेखन में समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं और युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से राजेंद्र सुराणा, अशोक कुमार कपाड़िया, धनराज संघवी, आनंदीलाल अंबोर, संतोष कुमार कपाड़िया, हिम्मतलाल संघवी, जिनेंद्र कुमार संघवी, सागरमल नागोरी, राहुल जैन, शरदमगन भाई कोठारी, पारस कुमार वया, रमणलाल जैन, हेतलभाई शाह, मनीष सुराणा, सुनील जैन, राजेश चौरडिया, निखिल शाह, अशोक शाह, गौतम मेहता, नितिन जैन सहित अनेक समाजजन उपस्थित रहे।

न्योता आलेखन के पश्चात सामूहिक भोज का आयोजन भी हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों ने भाग लिया। शीघ्र ही आयोजन की व्यवस्थाओं हेतु 20 समितियों का गठन किया जाएगा, जिसमें 200 से अधिक समाजजन अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे।

# इंदौर में निगमायुक्त के सरकारी बंगले के कायाकल्प पर उठने लगे सवाल



इंदौर। इंदौर में प्रॉपर्टी टैक्स के लिए सख्ती से सर्वे कराने का आदेश देने वाले नगर निगम आयुक्त दिलीप सिंह अब पार्षदों व जनप्रतिनिधियों के निशाने पर आ गए। थाने में उनके खिलाफ नारे लगाए गए और अब उनके सरकारी आवास के कायाकल्प पर भी सवाल उठने लगे है। इसे लेकर भी निगमायुक्त से नाराज तबके ने शिकायत की है।

जब भी इंदौर में अफसर तबादला होकर इंदौर आते है तो वे अपने सरकारी आवास की मरम्मत कराते है। इस काम के लिए भी टेंडर प्रक्रिया अपनाई जाती है। इंदौर में निगमायुक्त के रेसीडेंसी कोठी स्थित बंगले की मरम्मत व सौदर्यीकरण हो रहा है। सूत्रों के अनुसार इसके लिए न औचपारिक स्वीकृति ली गई और न ही टेंडर प्रक्रिया अपनाई गई है। यह काम निगम के ही कुछ अफसरों की देखरेख में हो रहा है। आको बता दे कि नगर निगम के दो सरकारी आवास यशवंत रोड क्लब क्षेत्र में है, लेकिन बीते चार वर्षों से इन आवासों को छोड़कर अब मेयर व निगमायुक्त रेसीडेंसी कोठी के रहते आ रहे है। इंदौर में टैक्स को लेकर हुए सर्वे का विवाद मुख्यमंत्री मोहन यादव तक भी पहुंचा है। उन्होंने मामला शांत करने की जिम्मेदारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को दी थी।

## मंत्री विजयवर्गीय बोले- खिलाड़ी बाहर घूमने लोकल व्यक्ति को लेकर निकले, घटना सभी के लिए सबक



इंदौर। आस्ट्रेलिया की दो महिला खिलाड़ियों के साथ हुई छेड़छाड़ की घटना को लेकर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का नया बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी जब भी बाहर निकले तो वे लोकल आदमी को साथ में लेकर निकले। इस घटना को सभी को सबक की तरह लेना चाहिए। विजयवर्गीय ने एक एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि वे कही बाहर गए हुए थे, त उन्होंने फुटबाल खिलाड़ियों के कपड़े फटे हुए देखे थे। लड़कियां खिलाड़ियों को चूम रही थी। कभी कभी खिलाड़ियों को भी उनकी लोकप्रियता का एहसास नहीं होता। खिलाड़ियों को यह घटना एक सबक की तरह लेना चाहिए। पुलिस प्रशाासन ने आरोपी अकील पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत एक्शन लिया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। पुलिस को एक दिन का रिमांड मिला है। आपको बता दे कि इंदौर के रेडिसन होटल से कैफे जाते समय आस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम की दो महिला खिलाड़ियों को आरोपी ने सेल्फी लेने के बहाने गलत तरीके से टच किया था।

# प्रारंभिक स्तर पर ही विवादों को समाप्त कराने व स्वस्थ समाज के निर्माण की कुंजी है सामुदायिक मध्यस्थता : न्यायमूर्ति श्री विवेक रुसिया


इंदौर। सामुदायिक मध्यस्थता प्रारंभिक स्तर पर ही विवादों को समाप्त कराकर स्वस्थ समाज के निर्माण की कुंजी है। विवाद मुक्त समाज की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में सामुदायिक मध्यस्थता वैकल्पिक विवाद समाधान का एक प्रभावी माध्यम है। उक्त विचार झाबुआ में 28 अक्टूबर 2025 तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय सामुदायिक मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम के शुभारंभ कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए प्रशासनिक न्यायाधिपति मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय खंडपीठ इंदौर न्यायमूर्ति श्री विवेक रुसिया ने व्यक्त किये। साथ ही न्यायमूर्ति श्री विवेक रुसिया द्वारा इंदौर में सामुदायिक मध्यस्थता के क्रियान्वयन का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए सामुदायिक मध्यस्थता को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई।



कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती विधि सक्सेना ने कहा कि सामुदायिक मध्यस्थता एक स्वैच्छिक प्रक्रिया है जिसमें एक प्रशिक्षित, तटस्थ मध्यस्थ समुदाय के भीतर लोगों के बीच मतभेदों और विवादों को सुलझाने में मदद करता है। यह एक सुरक्षित और तटस्थ वातावरण प्रदान करता है, जहाँ पक्षकार अपने विवादों पर चर्चा कर अकसर अदालती कार्यवाही और उससे जुड़े खर्चों से बचते हुए पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान ढूंढ सकते हैं। कार्यक्रम में झाबुआ कलेक्टर श्रीमती नेहा मीणा ने झाबुआ में सामुदायिक मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कराने के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए, सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र संचालन हेतु हर संभव प्रशासनिक सहयोग का आश्वासन दिया।

# दिवाली के बाद पर्यटन सीजन की बंपर शुरुआत, गुजरात-राजस्थान का क्रेज, थाईलैंड और दुबई की भी डिमांड

इंदौर। दीपावली के बाद शहर में पर्यटन का सीजन शुरू हो गया है, जो नए साल तक बंपर तरीके से चलेगा। इस बार ट्रैवल एजेंट्स के पास न केवल प्रदेश के, बल्कि अन्य राज्यों के पर्यटन स्थलों के लिए भी जबरदस्त बुकिंग हो रही है। खास बात यह है कि उत्तरी राज्यों में बर्फबारी के कारण पर्यटक इस सीजन में गुजरात, राजस्थान और दक्षिणी राज्यों को प्राथमिकता दे रहे हैं। जानकारों के मुताबिक, पर्यटन का पीक सीजन, यानी नवंबर-दिसंबर में यह बिजनेस अपने चरम पर पहुंचेगा। इंदौर के कई ट्रैवल एजेंट्स ने पसंदीदा पर्यटन स्थलों के लिए जो पैकेज तैयार किए थे, वे महीनों पहले ही फुल हो चुके हैं।उत्तर में बर्फबारी, दक्षिण और गुजरात-राजस्थान पहली पसंद ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (टाई) के चेयरपर्सन हेमेंद्रसिंह जादौन ने बताया कि उत्तरी राज्यों में बर्फबारी के कारण इस सीजन में आमतौर पर पर्यटक कम जा रहे हैं।



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पैडल-टू-प्लांट कार्यक्रम नया भारत-हरा भारत यात्रा को झंडी दिखाकर किया रवाना



इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं वर्षगांठ को समर्पित पैडल टू प्लांट कार्यक्रम %नया भारत-हरा भारत% की यात्रा पर निकल रही प्रदेश की बेटी अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही सुश्री अंजना यादव को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन से रविवार को झंडी दिखाकर रवाना किया। पेडल टू प्लांट कार्यक्रम, नया भारत हरा भारत के अंतर्गत सुश्री अंजना यादव और उनकी टीम के द्वारा अरुणाचल प्रदेश से गुजरात 4 हजार किलोमीटर साइकिल से सफर तय किया जाएगा। इसके अंतर्गत वे भारत की संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता का संदेश देंगी। सुश्री अंजना यादव सरदार वल्लभभाई पटेल के एकीकृत, सशक्त और प्रगतशील भारत के दृष्टिकोण को भी प्रचारित करेंगी। सुश्री अंजना यादव रायसेन जिले के ग्राम सेमारी की रहने वाली हैं, जो 5 वर्षों से माउंटेनियर के रूप में सक्रिय हैं। सुश्री अंजना यादव अब तक 20 अंतर्राष्ट्रीय पर्वतों पर चढ़ाई कर चुकी हैं। अब उनका अगला लक्ष्य विश्व की सबसे ऊंची चोटी माउंट ऐवरेस्ट पर वर्ष-2026 में सफलता प्राप्त करना है।

# प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने कार्यों और नवाचारों से देश में किया सकारात्मक ऊर्जा का संचार : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

इंदौर। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के प्रसारण का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कोटरा सुल्तानाबाद स्थित कमला नेहरु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्थानीय निवासियों के साथ श्रवण किया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय को स्वदेशी की शपथ दिलाई। मन की बात कार्यक्रम के प्रसारण के बाद अपने संबोधन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने कार्यों और नवाचारों के आधार पर देश में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया है। मन की बात कार्यक्रम भारत का लघु रूप प्रस्तुत करती है। विविधता से भरे देश के विभिन्न राज्यों में क्या नया हो रहा है, यह इस कार्यक्रम से संक्षेप में ज्ञात होता है। राज्यों के कई नवाचार अनुकरणीय और प्रेरक होते हैं। इस संदर्भ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज के मन की बात कार्यक्रम के 127वें एपिसोड में प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा संस्कृत भाषा के प्रति युवाओं की बढ़ती रूचि का विशेष रूप से उल्लेख किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल पर गुजरात में केवड़िया धाम पर्यटन के सुंदर और आकर्षण केंद्र के रूप में विकसित हुआ है। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राज्य सरकार का दल भी इन कार्यक्रमों में सहभागिता करेगा।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छठ पूजा की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व भारतीय परिवार परम्परा की सशक्त अभिव्यक्ति है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों में सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित महानाट्य की प्रस्तुति भी होगी। कार्यक्रम पूर्ण भव्यता के साथ 5 मंचों पर किया जाएगा।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# कार्तिक माह में भगवान श्री मनमहेश जी रजत पालकी में विराजित होकर प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण पर निकले

## भगवान श्री महाकालेश्वर की पहली सवारी धूमधाम से निकाली गयी

उज्जैन । श्रावण-भाद्रपद माह की तरह श्री महाकालेश्वंर भगवान की कार्तिक माह में पहली सवारी 27 अक्टूबर 2025 सोमवार सायं 4 बजे श्री महाकालेश्वर मंदिर से निकाली गयी।

सवारी निकलने के पूर्व सोमवार सायं 4 बजे श्री महाकालेश्वरर मंदिर के सभामण्डकप में भगवान श्री मनमहेश का विधिवत पूजन अर्चन किया गया। पूजन शासकीय पुजारी घनश्याम शर्मा द्वारा किया गया। पूजन-अर्चन के दौरान मंदिर प्रबंध समिति के कलेक्टर एवं अध्यक्ष रोशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, प्रशासक प्रथम कौशिक, आदि उपस्थित थे।

सवारी जैसे ही मंदिर के मुख्य द्वार पर पहुंची, पालकी में विराजित भगवान श्री मनमहेश जी को पुलिस के जवानों द्वारा सलामी दी गयी।



तत्पश्चारत भगवान श्री मनमहेश अपनी प्रजा का हाल जानने भ्रमण पर निकले। श्री महाकालेश्वर भगवान की सवारी में प्रथम बार श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा संचालित श्री महाकालेश्वर बेंड भी सम्मिलित हुआ।

कार्तिक माह की प्रथम सवारी विधिवत पूजन- अर्चन के बाद श्री महाकालेश्वर मंदिर से गुदरी चैराहा, बक्षी बाजार, कहारवाडी होते हुए रामघाट क्षिप्रा तट पहुंची। जहॉं पर भगवान श्री मनमहेश का माँ क्षिप्रा के जल से पूजन किया गया। पूजन के पश्चात सवारी रामघाट से गणगौर दरवाजा, मोढ़ की धर्मशाला, कार्तिक चैक, खाती का मंदिर, सत्य-नारायण मंदिर, ढाबा रोड, छत्री चैक, गोपाल मंदिर पहुची । गोपाल मंदिर पर पूजन पश्यात सवारी पटनी बाजार, गुदरी चैराहा होते हुए श्री महाकालेश्वार मंदिर पहुंची। भगवान श्री मनमहेश का सवारी मार्ग पर खडें श्रद्धालुओं ने दर्शन लाभ लिया।

भगवान श्री मनमहेश की सवारी के आगे-आगे तोपची कड़ाबीन के माध्यम से राजाधिराज के आगमन की सूचना देते हुए चल रहेआ थे। सवारी में मंदिर के पुजारी एवं पुरोहित, पुलिस बैंड, घुडसवार दल, सशस्त्रस पुलिस बल के जवान, भजन मंडलियॉं व धर्मपरायण जनता भगवान श्री महाकालेश्वर का गुणगान करते चल रहे थे।

# श्री वल्लभ आनंद क्लब के दीपावली मिलन समारोह में सुनाई कविता, गीत



उज्जैन। श्री वल्लभ आनंद क्लब द्वारा दीपावली मिलन समारोह मनाया गया।

इस अवसर पर क्लब की संयोजिका मधु गुप्ता एवं राजेंद्र गुप्ता द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों का भावभीना स्वागत किया गया। श्रीवल्लभ आनंद क्लब की सदस्य रश्मि श्रीवास्तव, अरुन्धती पेंढारकर, सुमन जैन, ललित नागर, प्रीति जोशी, सुषमा अग्रवाल उपस्थित रहे। वरिष्ठ साहित्यकार उमा बाजपेई ने कहा कि आनंद एक अनुभूति है आनंद एक अखंड रस है जो आत्मा का विषय है इसे अनुभूत किया जा सकता है। इसलिए हमें जीवन में आनंद के लिए नकारात्मकता को दूर रखने की आवश्यकता है। इस अवसर पर सुमन जैन द्वारा नदी और नारी विषय पर सुंदर कविता एवं अनामिका दीपक सोनी द्वारा सुंदर गीतों की प्रस्तुति दी गई। आर्य समाज के प्रधान ललित नागर द्वारा मालवी गीत और कविता प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का आभार मधु गुप्ता ने व्यक्त किया। इस अवसर पर विगत माह गुप्ता परिवार के पित्र पुरुष स्वर्गीय श्री रमण लाल जी गुप्ता को श्रद्धांजलि दी गई।

## विक्रमादित्य क्लॉथ मार्केट मर्चेन्ट्स एसोसिएशन के दीपावली मिलन समारोह में हुआ वरिष्ठों का सम्मान



उज्जैन। विक्रमादित्य क्लॉथ मार्केट मर्चेन्ट्स एसोसिएशन द्वारा दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। दीपावली मिलन समारोह कार्यक्रम के पूर्व सिद्धी विनायक गणेश मंदिर पर अन्नकूट दर्शन एवं आरती की गई।

सचिव अशोक राजवानी ने बताया कि दीपावली मिलन एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष प्रकाशचन्द्र माहेश्वरी ने की।

## तिरूपतिधाम में त्रयोदश ब्रह्मोत्सव आज से



उज्जैन। अनंत श्री विभूषित जगद्‌गुरू रामानुजाचार्य स्वामी श्री श्रीकांताचार्य महाराज के सानिध्य में कार्तिक शुक्ल मंगलवार 28 अक्टूबर से कार्तिक शुक्ल 12 नवंबर रविवार तक त्रयोदश ब्रह्मोत्सव मनाया जाएगा।

बड़नगर रोड़ स्थित हनुमान गढ़ी के सामने तिरूपतिधाम में विराजित भगवान व्यंकटेश का प्रतिदिन प्रातः 9 बजे महाभिषेक, प्रातः 11 से 1 के बीच हवन, 7 से 8 बजे के बीच प्रबंध पाठ, रात्रि 8 बजे मंदिर परिसर में सवारी का दिव्य एवं भव्य कार्यक्रम संपन्न होगा। 28 अक्टूबर को ध्वजारोहण, कंकण धारण, विद्वतजनों का वरण शेषावतार, श्री रामानुज स्वामी का महाभिषेक होगा। ब्रह्मोत्सव कार्यक्रम में संयोजक उत्तराधिकारी स्वामी राघवेंद्राचार्य महाराज ने धर्मप्राण जनता से सभी प्रसंगों में सपरिवार मित्रों से सम्मिलित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने का अनुरोध किया है।

# यति आत्मानंद गिरि को महंत गद्दीपति नियुक्त करने का सर्वमान्य निर्णय लिया

## यति आत्मानंद गिरिजी को स्थान का महंत नियुक्त कर चादर विधि की



उज्जैन। श्री हनुमान मंदिर दोधारी धाम आश्रम ग्राम नानाखेड़ी तहसील घटिया में ब्रह्मलीन महंत स्वर्गीय श्री राम सेवक दास जी महाराज के कृपा पात्र शिष्य श्री यति आत्मानंद गिरि जी ने 26 अक्टूबर रविवार को उज्जैन शैव शंकर सन्यासी मंडल के समस्त संत महंत महामंडलेश्वर को स्थान पर आमंत्रित किया।

दोधारी धाम आश्रम पर भगवान श्री हनुमान जी महाराज की सेवा में संत महंत श्री राम सेवक दास जी महाराज का देहावसान 11 अक्टूबर को हो चुका है। अपने जीवित रहते श्री महाराजजी ने यति आत्मानंद गिरिजी को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया हुआ है इस बात की पुष्टि उपस्थित ग्रामवासियों (गणावा, गुनाई जागीर, नानाखेड़ी, किठौदा) द्वारा भी की गई है। शैव शंकर सन्यासी मंडल उज्जैन के प्रमुख सदस्य महंत श्री समुद्र गिरी जी आनंद अखाड़ा, श्री प्रेम गिरि जी श्रीमंत अटल अखाड़ा, महंत श्री विद्या भारती जी श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा, महंत श्री सेवागिरी जी पंच दशनाम आवाहन अखाड़ा, महंत रामेश्वरानंद जी महाराज अग्नि अखाड़ा, योग माता श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा, महंत श्री महावीर नाथ भर्तृहरि गुफा नाथ संप्रदाय व अन्य संत महंत महामंडलेश्वर व समस्त ग्राम वासियों की उपस्थिति में यति आत्मानंद गिरि गुरु श्री यति नरसिंहानंद गिरि जी महाराज महामंडलेश्वर श्री पंच दशनाम जूना अखाड़ा 13 मणि एवं पीठाधीश्वर डासना देवी मंदिर को श्री हनुमान मंदिर दो धारी धाम आश्रम ग्राम नानाखेड़ी तहसील घटिया जिला उज्जैन पर महंत गद्दी पति नियुक्त करने का सर्वमान्य निर्णय लिया गया। उक्त निर्णय उपरांत समस्त संत महंत महामंडलेश्वर की पावन उपस्थिति में यति आत्मानंद गिरि जी को स्थान का महंत नियुक्त कर चादर विधि की गई। इस समय उपस्थित संतों में यति सत्य देवानंद गिरि जी महाराज हिमाचल प्रदेश से पधारे महंत श्री यति रणसिंहानंद जी महाराज श्री महंत जूना अखाड़ा मेरठ से पधारे, यति नित्यानंद गिरी जी महाराज हरिद्वार उत्तराखंड यति परमात्मागिरी जी महाराज उत्तराखंड से पधारे, शिखानंद जी महाराज कामाख्या देवी पीठ से पधारे रघुवीर दास जी महाराज बालोतरा राजस्थान से पधारे त्रिभुवनदास जी महाराज राजस्थान से पधारे सुखराम दास जी महाराज मोकलसर राजस्थान से पधारे आदि की उपस्थिति रही।

## भारतीय किसान संघ की मध्यप्रदेश सरकार को दो टूक

उज्जैन। उज्जैन में 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ को लेकर प्रदेश सरकार के द्वारा किसानों की जमीन अधिग्रहण करने के लिए लाए लैंड पुलिंग कानून (सिहंस्थ नगर विकास योजना मास्टर प्लान) को लेकर किसानों का विरोध थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में बगैर सहमति से सिंहस्थ मेला क्षेत्र की जमीन के गजट नोटिफिकेशन होने पर एक बार फिर किसान भड़क गए हैं और लैंड पुलिंग को लेकर अब आर पार के मूड में हैं। लैंड पुलिंग एक्ट (सिहंस्थ नगर विकास योजना मास्टर प्लान) को निरस्त करने के किसान आंदोलन का नेतृत्व कर रहे भारतीय किसान संघ ने दो टूक सरकार को जन आंदोलन छेड़ने की चेतावनी दे दी है।

किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने अपने जारी बयान में कहा कि लैंड पुलिंग कानून पर किसान संघ के केंद्रीय अधिकारी अखिल भारतीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने स्वयं उज्जैन आकर स्थिति स्पष्ट कर दी थी कि लैंड पुलिंग कानून सरकार तत्काल निरस्त करे और सिंहस्थ मेला क्षेत्र में कृषि भूमि पर स्थाई निर्माण की अनुमति किसी को भी नहीं दे। सरकार व प्रशासन के त्वरित निर्णय न करने से सिंहस्थ मेला क्षेत्र के विकास व निर्माण कार्यों में विलंब के कारण श्रद्धालुओं व साधु संतों को कोई असुविधा होगी तो इसकी जिम्मेदारी सरकार व प्रशासन की होगी।मुख्यमंत्री स्वयं स्थिति स्पष्ट करेकिसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल सिंह आंजना ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि सरकार किसानों के धैर्य की परीक्षा न ले। संवाद व वार्ता का अब अंतिम दौर है। उसके बावजूद भी सरकार व उसके अधिकारी चोरी छिपे किसानों की जमीन अधिग्रहित करने के एजेंडे पर आगे बढ़ रहें है, जिसकी किसान संघ तीव्र भर्त्सना करता है। श्री आंजना ने आगे कहा कि हमारी मांग है कि इसी पखवाड़े में प्रदेश के मुखिया व मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव स्वयं लैंड पुलिंग कानून व कृषि भूमि पर स्थाई निर्माण करने के विषय पर स्थिति स्पष्ट करें।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com